मासिक पत्रिका सोलहवां अंक



Nagar Palika Parishad Rampur

EDUCATED RAMPUR

CLEAN RAMPUR

प्रकाशक :–
- राकेश कुमार

सम्पादक मण्डल:–
- गणेश प्रसाद
- ई0 विकास चौहान
- वईम खॉ
- इरशाद हुसैन
- मन्जूर अली नकवी
- अज़ीमुश्शान

# e पत्रिका

## नगर पालिका परिषद, रामपुर
## उत्तर प्रदेश
## APRIL 2019

GREEN RAMPUR



# अधिशासी अधिकारी की कलम से

## विषय वस्तु

01– जलकल अनुभाग

02– निर्माण विभाग

03– स्वास्थ्य अनुभाग

04– कर एवं सम्पत्ति अनुभाग

05– ई–गर्वेनैस


06– फोटो गैलरी



लोकसभा चुनाव 2019 की घोषणा हो चुकी है। रामपुर लोकसभ चुनाव की तिथि दिनांक 23.04.2019 को निर्वाचन आयोग के द्वारा निधारित की गयी है। सभी नगर वासियों से अनुरोध है, कि वे आपने मताधिकार का उपयोग कर मतदान अवश्य करें, ताकि सही सरकार का गठन हो और आपके क्षेत्र एवं देश का विकास हो। गरमी शुरू हो चुकी है नगर पालिका द्वारा प्याऊ आदि की व्यवस्था करायी जा रही है । सभी शहरी से अपील है कि लू से बचे एंवम बच्चो को घूप से बचा कर रखे। सभी को समय के अनुसार पानी मिलता रहे इसके लिये नगर पालिका कटिबद्व है आप सभी से अनुरोध है कि जल का सदुपयोग करे । जिनके कनेक्शन नगर पालिका मे पंजीकृत नही है वो कृपया नगर पालिका मे पंजीकरण कराये।

इ–पत्रिका एक माध्यम है आपसे जुडने का, नगर पालिका के किये गये कार्यों को आप तक पहुँचाने का और आपके विचारों को जानने का ताकि आपकी समस्याओं और विचारों से रूबरू हो शहर की आवश्यकता के अनुकूल सेवाएं प्रदान कर सकें।

हम आपसे अपेक्षा रखते है कि आप अपने सुझाव हमें दूरभाष, e-mail id smartcityrampur@gmail.com अथवा पत्र के माध्यम से आवष्य भेजेगें। स्वच्छता से सम्बन्धित अपनी शिकायतें आप http://swachh.city पर भेज सकतें है।








- निर्माण विभाग :– 14 वां वित्त आयोग की धनराशि के अन्तर्गत पालिका द्वारा 13 मार्ग निर्माण कार्य सम्पादित कराये गये है एवं 9 नालो का निर्माण कार्य कराया गया है जिससे नगर के जनसामान्य को मार्ग एवं जलभराव आदि की समस्याओं से निजात मिल सकें। नगर पालिका परिषद,रामपुर निरन्तर जन समस्याओं को दूर करने के लिये विभिन्न योजनाओ से निर्माण कार्य करा रही है।
- अवस्थापना विकास निधि की धनराशि के अन्तर्गत पालिका द्वारा 33 मार्ग निर्माण कार्य एवं 03 नाला निर्माण कार्य सम्पादित कराये गये है। इस प्रकार विगत माह में कुल 46 मार्गो एवं 12 नालों के निर्माण का कार्य नगर पालिका परिषद,रामपुर द्वारा पूर्ण कराया गया है। अवशेष कार्यो को लोक सभा चुनाव 2019, आचार सहिंता समाप्त होने के उपरान्त पूर्ण कराया जायेगा ।








**जलकल विभाग** :– नगर पालिका परिषद रामपुर के जलकल विभाग द्वारा पेयजल की व्यवस्था को बनाये रखते हुये माह March 2019 में 157 लीकेज मरम्मत किये गये, 110 इण्डिया मार्का हैण्ड पम्प–2 की मरम्मत का कार्य कराया गया है। वर्तमान में 55 नलकूपों के द्वारा 49 नलकूपों का संचालन आउट सोर्सिंग के माध्यम से एवं 04 नलकूपों का संचालन विभागीय कर्मचारियों से कराया गया। शहर मे आवश्यकता अनुसार जन निगम रामपुर द्वारा कुल 12 नये इण्डिया मार्का हैण्ड पम्प लगाये गये  का  उक्त के अतिरिक्त 04 नग सीवर शम्पवैलों का संचालन ठेके प्रथा से एवं 05 सीवर योजनाओं का मेन्टीनैन्स कार्य आउट सोर्सिंग से कराया गया है। प्रायः आवश्यकता पड़ने पर बहुत से सार्वजनिक प्रोग्रामों में, अथवा सामाजिक–धार्मिक पर्वो के आयोजन में टैंकर के माध्यम से जनता को पेयजल उपलब्ध कराया गया है। क्लोरिनेशन हेतु टीम गठित कर सभी नलकूपों पर क्लोरीन उपलब्ध करायी जा रही है किसी भी नलकूप से कोई खराबी अथवा फाल्ट की शिकायत प्राप्त होने पर उसे तत्परता से तत्काल ठीक कराया गया। सूक्ष्म प्रकृति के किसी फाल्ट को सही करने हेतु 02 विभागीय इलेक्ट्रीशियन कार्यरत हैं जो तत्काल शिकायत का निस्तारण करते हैं। 06 कर्मियों की टीम आउट सोर्सिंग से कार्यरत है किसी भी मोटर पम्प के खराब होने पर उसे बोर से निकालकर उसमें दूसरे मोटर पम्प लोरिंग कर 24 घण्टे के अन्दर नलकूप चालू कर दिया जाता है। नगर पालिका द्वारा जल वितरण सेवा को सुदृढ बनाने के लिये समस्त शहरवासियों से अपील की जाती है कि वह अपने जल कनेक्शन का पंजीकरण अवश्य करायें। वर्ष 2015–2016 की अमृत योजना में स्वीकृत के अन्तर्गत अब तक जल निगम रामपुर द्वारा पेयजल गृह संयोजन 4048 व सीवर हाऊस कनेक्टिंग चैम्बर के प्रथम फेस में जोन 1 व 2 में 7070 का कार्य पूर्ण कर दिया गया है एवं फेस–2 में 501 सीवर कनेक्टिंग चैम्बरों का निर्माण कराया गया है। होली पर विशेष रूप से कार्य योजना तैयार कर जलापूर्ति की गई जिन से जन सामान्य को किसी प्रकार की असुविधा नही हुई।









- ## नगर स्वास्थ्य विभाग :–

  नगर पालिका परिषद रामपुर क्षेत्र को भारत सरकार द्वारा ओ0डी0एफ0 घोषित कर दिया गया है। डोर टू डोर कुडा कलेक्शन का कार्य पूरे शहर में नियमित रूप से किया जा रहा है। अपने शहर को स्वच्छ रखने के लिये जन भागीदारी आवश्क है। अतः स्वच्छता के बारे में विभिन्न माध्यमों द्वारा जनता को जागरूक करने का कार्य भी नगर पालिका द्वारा किया जा रहा है ।

  - माननीय एन0जी0टी0 के निर्देश के क्रम में सोलिड वेस्ट मैनेजमेन्ट की कार्य योजना नगर पालिका परिषद रामपुर द्वारा तैयार कर निदेशालय, नगरीय निकाय लखनऊ को भेज दी गयी है। योजना अनुसार कार्यवाही की जा रही है,ताकि समय से कार्य पूर्ण हो सके।
    - चुनाव आचार संहिता समाप्त होने के उपरान्त नाला सफाई का कार्य तीव्र गति से कराया जायेगा ताकि शहर में जल भराव की समस्या न हो।







अमृत योजना के अन्तर्गत परियोजना Water Supply Distribution Network (Extension) in Rampur City एवं परियोजना Sewer House connecting Chamber of Sewerline in Rampur for zone 1 & 2 का कार्य, कार्यदायी संस्था क्रमशः परियोजना प्रबन्धक, निर्माण इकाई (पेयजल) जल निगम रामपुर और परियोजना प्रबन्धक, अस्थायी निर्माण इकाई उ0 प्र0 जल निगम रामपुर के द्वारा किया जा रहा है। दोनो ही परियोजनायें लगभग पूर्ण हो रही हैं।

पेयजल गृह संयोजन परियोजना जोकि अस्थाई निर्माण इकाई जल निगम द्वारा की जा रही है लक्ष्य के विरूद्ध 33 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

सीवरेज गृह संयोजन कार्य फेज–2 परियोजना का कार्य शुरू हो गया है।

अमृत योजना के अन्तर्गत चयनित मुमताज पार्क के सौन्दर्यीकरण का कार्य भी लगभग 70 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है।

